तिर्वा (कन्नौज) 4 जून। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 1 सैकड़ा मेधावी छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट मिलने पर फेलिसिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बहु प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की गई।राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन सेल के तत्वावधान में फैलीटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 2023 बैच के उत्तीर्ण एक सैकड़ा से अधिक छात्रों के प्लेसमेंट को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रभारी अश्वनी कुमार उपाध्याय ने बतलाया की संस्थान 2023 बैच के उत्तीर्ण छात्रों ने प्लेसमेंट पानी में बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिसमें औसत वार्षिक पैकेज 06 लाख रूपये, अधिकतम 15 लाख वार्षिक पैकेज व न्यूनतम 04 लाख रूपयें के वार्षिक पैकेज पर चयनित हुए। चयनित श्रेष्ठतम छात्रों ने अपने अनुभवों और अध्ययन के बारे में संक्षिप्त और उपयोगी जानकारी अपने कनिष्ठो को दी है। इलेक्ट्रानिक्स विभाग के केड्रेस में चयनित अभिजीत चौहान ने दिए गये इंटरव्यू और लिखित परीक्षा के बारे में जानकारी दी। सिविल विभाग के जूनियर इंजीनियर के पद पर चयनित आदित्य कुमार ने बताया कि सकारात्मक मन से नियमित अध्ययन से आप अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। कम्प्यूटर एण्ड साइंस इंजीनियरिंग विभाग के शिवम शर्मा ने स्टार्ट-अप में चयनित होने के लिए विभिन्न स्किल्स के बारे में बताया। डा0 अनुराग शुक्ला सहायक प्राध्यापक एप्लाइड़ साइंस के द्वारा शिक्षकगण, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों का धन्यवाद करते कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में डा0 बी0 डी0 के0 पात्रो, कुलसचिव राजीव कुमार, अश्विनी कुमार उपाध्याय सहायक प्राध्यापक इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग व अरस्तू गौतम, मुकुल सक्सेना, रिषभ कश्यप, सहायक प्राध्यापक सिविल विभाग के साथ-साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में आईईईई यंग प्रोफेशनल्स द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## पेशेवर छवि को ऊपर उठाने व वैश्विक नेटवर्क के विस्तार पर हुई चर्चा



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट अभिनंदन करती हुई

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 8 अगस्त। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईईईई आर 10 यंग प्रोफेशनल्स अपस्किल 2023 उत्तर प्रदेश और आईईईई महिला इंजीनियरिंग छात्र शाखा एफिनिटी ग्रुप राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थान की निदेशक प्रो0 रचना अस्थाना के द्वारा किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि रहे डा0 आशीष कुमार सिंह महासचिव, आई-ईईई यू. पी. सेक्शन मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज एवं डा0 रफीक अहमद पावर इलेक्ट्रानिक्स सोसाइटी चौप्टर अध्यक्ष आई-ईईई यू. पी. सेक्शन ने बताया कि आईईईई यंग प्रोफेशनल्स आईईईई सदस्यों और स्वयंसेवकों का समूह है। जिन्होंने पिछले 15 वर्षों के भीतर अपनी पहली पेशेवर डिग्री से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। यह एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय है। जिसके सदस्य अपनी पेशेवर छवि को ऊपर उठाने, अपने वैश्विक नेटवर्क का विस्तार करने, स्थानीय स्तर पर साथियों से जुड़ने और अपने समुदाय को वापस देने में रुचि रखते हैं। चूँकि इसमें हाल ही में विश्वविद्यालय के स्नातकों से लेकर अनुभवी पेशेवरों और उद्यमियों तक सभी सदस्य शामिल हैं। इसलिए यह समूह जो पेशकश करता है उसमें अत्यधिक विविधता है। आईईईई यंग प्रोफेशनल्स समुदाय में शामिल होने के लिए आपको आईईईई सदस्य बनना होगा। कोई भी आईईईई सदस्य जिसने पिछले 15 वर्षों में अपनी शिक्षा की पहली डिग्री से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उसे स्वचालित रूप से आईईईई यंग प्रोफेशनल्स का हिस्सा बनने के लिए निःशुल्क शामिल किया जाता है। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला से संस्थान के फैकल्टी एवं विद्यार्थियों को इमेज एवं वीडियो प्रोसेसिंग के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का काफी ज्ञान मिलेगा। इस अवसर पर संस्थान के सहायक प्राध्यापक राजीव कुमार, डा0 अनुराग शुक्ला, अश्विनी कुमार उपाध्याय सहायक प्राध्यापक कार्यक्रम समन्वयक अर्चना वर्मा सहायक प्राध्यापक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना तथा समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अरूण कुमार, उवैश खान, आशिक एवं छात्र-छात्रायें भी उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग कालेज के प्रोफेसर व अध्ययनरत दो छात्रों के दो शोधों को अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में मिला स्थान

## दिल्ली के सम्मेलन में इनको प्रस्तुत करने के बाद वैज्ञानिकों ने सराहा था

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 21 जुलाई। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के दो शोधों को अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में स्थान मिला है। यह शोध कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एवं दो अध्ययनरत छात्रों ने संयुक्त रूप से इजाद किया है। एक में ड्रोन के जरिए आसमान में उड़ने वाले पक्षियों व विमानों की पहिचान करने के लिए क्रियाशील तकनीकों का उपयोग करना तथा दूसरे में व्यक्ति की लिखावट से पहिचान पाने में डीप लर्निंग तकनीक का उपयोग करके व्यक्ति की बीमारी को समझने में सहायक होगा। बीते दिनों दिल्ली स्थित आईआईटी के सम्मेलन में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अभिषेक बाजपेई तथा चतुर्थ वर्ष के छात्र हर्षवर्धन एवं तृतीय वर्ष के छात्र वैभव द्वारा संयुक्त रुप से उपरोक्त दोनों शोधों को प्रस्तुत किया गया था। इस सम्मेलन में देश एवं विदेश से तमाम प्रमुख वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया था। दिल्ली के सम्मेलन में चर्चित रहे इन शोधों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका आई.ई.ई.ई. ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए शोधार्थियों के मेहनत को सराहा है। जिसको लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज संस्था सहित प्रोफेसर बाजपेई एवं इंजीनियर छात्र हर्षवर्धन और वैभव गौरवान्वित हुए हैं। अभिषेक बाजपेई ने कहा यह शोध हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो मानवीय संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करने की संभावनाएं प्रदान करता है। यह शोध नए दिग्गज तकनीकी माध्यमों का उपयोग करके मानवीय संसाधनों की व्यावस्था में एक बदलाव ला सकता है। हमारी उम्मीद है कि इस शोध के परिणामों को अनुसरण करके और वैज्ञानिक समुदाय के साथ सहयोग करके हम अधिक आधुनिक और संबलित समाज का निर्माण कर सकेंगे।

# मैसेज फर्जी है या असली यह साफ्टवेयर बताएगा

रानू श्रीवास्तव, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** मोबाइल में आने वाले फर्जी मैसेजों की पहचान के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के दो छात्रों व दो प्रोफेसरों ने एक साफ्टवेयर तैयार किया है। इसके मोबाइल में पड़ने के बाद वह असली-नकली संदेश की पहचान कर देगा।

मौजूदा समय में मोबाइल फोन सभी के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। कोई भी व्यक्ति बिना मोबाइल के जीवन कल्पना नहीं कर सकता। मोबाइल का चलन अधिक होने के कारण फ्राड करने वालो की भी संख्या अधिक हो गई। सीधेसादे व्यक्ति के मोबाइल में फर्जी मैसेज भेजकर कई बार ठगी कर ली जाती है। ऐसे मैसेजों की पहचान के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. नवीन व डा.अभिषेक बाजपेयी के नेतृत्व में कंप्यूटर साइंस के छात्र अनुराग व लोकेश ने एक ऐसा माडल साफ्टवेयर तैयार किया जो कि मोबाइल में आने वाले मैसेज की असलियत के बारे जानकारी देगा। प्रोफेसरों ने बताया कि जो साफ्टवेयर तैयार किया है उसे लांच करने के लिए कॉलेज की तरफ से देश व विदेश की कई कंपनी में प्रस्ताव को भेजा गया है। जो भी कंपनी साफ्टवेयर लेगी वह मोबाइल में डालेगी। विभागाध्यक्ष डाक्टर बीडीके पात्रो ने प्रोफेसर व छात्रों को साफ्टवेयर तैयार करने की बधाई दी।

- मोबाइल में पड़ते ही असली-नकली संदेश की होगी पहचान


प्रोफेसर डॉ. अभिषेक, डॉ. नवीन।


छात्र अनुराग व लोकेश।

# इंजीनियरिंग छात्रों के दो शोध आइईईई की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित

- प्रोफेसर व दो छात्रों ने मिलकर किए थे दोनों शोध
- आइआइटी दिल्ली में दोनों शोधों पर हुई चर्चा

संवाद सहयोगी, तिर्वा : राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में तृतीय व चतुर्थ वर्ष के दो छात्रों के दो शोध को अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका आइईईई (इंस्टिट्यूट आफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग) में प्रकाशित किया गया है। इसको लेकर दिल्ली स्थित आइआइटी में भी चर्चा की गई। इस सफलता को लेकर कालेज प्रशासन ने खुशियां जताई हैं।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अभिषेक बाजपेई, चतुर्थ वर्ष के छात्र हर्षवर्धन व तृतीय वर्ष के छात्र वैभव ने संयुक्त रूप से दो शोध का परिणाम अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (आइईईई) (इंस्टिट्यूट आफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग) में प्रकाशित हुआ है। यह शोध आइआइटी दिल्ली के सम्मेलन में पेश किया गया। जहां इसे विभिन्न के शोधार्थियों व वैज्ञानिकों के सामने प्रस्तुत किया गया। इसमें एक शोध का मुख्य उद्देश्य ड्रोन के माध्यम से आसमान में उड़ने वाले पक्षियों, विमानों और अन्य हवाई यानों की पहचान करने के लिए क्रियाशील तकनीकों का उपयोग करना है। इसमें आसमान में उड़ने वाला वास्तविक वस्तु के बारे में जान सकेंगे। दूसरे शोध के माध्यम से व्यक्ति के लिखावट से पहचान पाने में डीप लर्निंग तकनीकि का उपयोग कर बीमारियों को समझने में सहायक होगा। प्रो. बाजपेई ने इस मंच पर अपने छात्रों के साथ सहयोग किया और इन शोधों के उत्कृष्ट परिणाम को (आइईईई) पत्रिका में प्रकाशित कर मेहनत को सराहा है। उन्होंने कहा कि यह दोनों शोध महत्वपूर्ण कदम है, जो मानवीय संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करने की संभावना करता है। कालेज की प्रो. रचना अस्थाना ने छात्रों व प्रोफेसर की मेहनत को सराहा है और खुशियां जताई हैं।

# इंजीनियरिंग कालेज के शिक्षक सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**तिर्वा।** इंजीनियरिंग कालेज के शिक्षक को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। साथियों ने शिक्षक को बधाई दी है।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के शिक्षक डॉ. अनुराग शुक्ला को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी में शिक्षक

### 35 अंतरराष्ट्रीय जनरल में शोधपत्र प्रकाशित किए

दिवस समारोह में सर्वश्रेष्ठ टीचर का अवार्ड अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

डॉ. शुक्ला सहायक प्राध्यापक पद पर दिसंबर 2017 से कार्यरत हैं। एमएससी और पीएचडी की शिक्षा आईआईटी रुड़की से प्राप्त की। वर्तमान में इनके मार्गदर्शन में तीन शोधार्थी होमी भाभा रिसर्च स्कॉलरशिप के अंतर्गत शोध का कार्य कर रहे हैं। डॉ. शुक्ला ने 35


डॉ.अनुराग शुक्ला।

अंतरराष्ट्रीय जनरल में शोधपत्र प्रकाशित किए हैं। निदेशक मनोज शुक्ला ने बताया कि उन्होंने कोरोना काल में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को लिए ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से लेक्चर उपलब्ध कराए थे। यह विश्वविद्यालय परीक्षाओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी हैं।

# इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने का बताया तरीका

## राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 15 दिवसीय वेबिनार का आयोजन, फाइबर संचार विकास को मील का पत्थर बताया

संवाद न्यूज एजेंसी

**तिर्वा।** इंजीनियरिंग कॉलेज में सॉफ्टवेयर के माध्यम से इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने का तरीका बताया गया। इसके लिए बुधवार को वेबिनार का आयोजन हुआ।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 15 दिवसीय वेबिनार का आयोजन शुरू हुआ। इंटरनेट की स्पीड

### ऑप्टिकल एम्पलीफिकेशन टेक्नोलॉजी प्रमुख

बढ़ाने के तरीकों की बाबत बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की श्रृंखला के लिए उपयोगकर्ता घटकों और सहज इंटरफेस को जोड़कर क्षमताओं का विस्तार किया जा सकता है। फाइबर संचार में ऑप्टिकल एम्पलीफिकेशन टेक्नोलॉजी प्रमुख तकनीक है। फाइबर संचार विकास को इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। इस मौके पर डॉ. अरुण कुमार सिंह, रवीश सिंह राजपूत, अमित कुमार चौहान, राजीव कुमार, अश्वनी कुमार उपाध्याय, गौरीश जोशी, अर्चना वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।


छात्रों को जानकारी देते शिक्षक। संवाद

# अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कोरोना मृत्यु दर पर शोध किया



अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं वाले राज्यों में कोरोना की मृत्यु दर कम राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के प्रो0 अश्विनी कुमार उपाध्याय और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की शोध छात्रा श्रेयांशी शुक्ला द्वारा भारत में कोरोना की मृत्यु दर पर एक शोध किया गया जो एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक जर्नल एल्सेवियर में प्रकाशित हुई है। इस शोध में यह पाया गया है की भारत में केरल एवं असम में कोरोना की मृत्यु दर दूसरे राज्यों की अपेक्षा बहुत ही कम है, जबकि महाराष्ट्र और पंजाब में काफी ज्यादा । कोरोना की मृत्यु दर में इस राज्यवार विसंगति की वजह जानने के लिए शोधकर्ताओं ने स्वास्थ्य, जनसांख्यिकी, एवं अर्थव्यवस्था संबंधी डेटा को अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कोरोना की मृत्यु दर से मिलाया तो यह पाया की भारत के जिन राज्यों में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, वहां कोरोना की मृत्यु दर कम है 7 वे राज्य जहां प्रति-व्यक्ति अस्पतालों की संख्या, डॉक्टरों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मिओं की संख्या बाकी राज्यों की अपेक्षा ज्यादा है, वहां कोरोना की मृत्यु दर कम है । इसके अलावा युवा आयु वर्ग में कोरोना की मृत्यु दर महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में ज्यादा है ।कोरोना की मृत्यु दर उन राज्यों में भी ज्यादा है जहाँ की जनसँख्या में बाकी राज्यों की अपेक्षा वृद्ध लोगों का और मोटापे का प्रतिशत ज्यादा है इससे यह निष्कर्ष निकलता है की वृद्ध तथा मोटे लोगों के लिए यह बीमारी ज्यादा घातक है शोधकर्ता ने बताया की इस शोध में डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर जैसी बीमारीओं के प्रसार का कोरोना की मृत्यु दर पर कोई विशेष प्रभाव सामने नहीं आया है ।

# गेट 2022 में दुर्गेश उपाध्याय ने हासिल की 33वीं रैंक

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्रों ने गेट में पायी सफलता
- कॉलेज के निदेशक ने सफल छात्रों को दी बधाई

तिर्वा(कन्नौज), समृद्धि न्यूज़।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्रों ने गेट 2022 की परीक्षा अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने 81 फीसदी अंक हासिल कर ऑलइण्डिया में 33वीं रैंक हासिल की है।

इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि फरवरी माह में गेट 2022 की परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की गई थी। 22 मार्च को आईआईटी खड़गपुर ने इस परीक्षा का परिणाम अपनी अधिकृत वेबसाइट पर घोषित कर दिया। जिसके तहत इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्र इस परीक्षा में सफल हुए हैं। जिनमें सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अखिलेश यादव ने 51.03, कम्प्यूटर साइंस के दीपक माथुर ने 199वीं रैंक हासिल की है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दुर्गेश कुमार ने 33वीं रैंक हासिल की है। विशाल कुमार पाण्डेय ने 68वीं रैंक, प्रमोद कुमार गुप्ता ने 83वीं रैंक हासिल की है।

निदेशक ने सफल हुए सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि गेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को आईआईटी जैसे बड़े संस्थानों में एमटेक व पीएचडी में एडमिशन मिलता है। साथ ही 12500 रुपए की धनराशि भी प्रति माह स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान की जाती है। इसके अलावा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी के लिए भी गेट का स्कोर काफी महत्व रखता है।


कार्यक्रम के शुरूआत में मशाल प्रज्जवलित करते हुये निदेशक तथा मौजूद छात्र छात्राएं।

# तीन कि. मी. की हुई फ्रीडम रन में शिक्षणेत्तर कर्मियों सहित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

तिर्वा (कन्नौज) 1 अक्टूबर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तत्वाधान में फर्राटा दौड़ का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें 3 किलोमीटर की दौड़ मैं प्रतिभाग करते हुए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं शिक्षेणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में संस्था के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलित करते हुए निदेशक श्री शुक्ला द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद एवं शारीरिक व्यायाम का भी हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारे शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास हो जिसके चलते हम सभी स्वस्थ एवं फिट रह सकें। इसलिए हम सबको अपने जीवन में कुछ समय निकालकर खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं शारीरिक व्यायाम में भी लगाना चाहिए। इस दौरान 3 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित सभी छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक कॉलेज स्पोर्ट के प्रभारी सौरभ चौहान, अभिषेक बाजपेई, डॉ. रवीश कुमार राजपूत, प्रो. बी.डी.के. पात्रो, मुकुल सक्सेना आदि शिक्षक गाना उपस्थित रहे।



शिविर में रक्तदान करते हुये तथा रक्तदाताओं की जांच के लिए मौजूद टीम।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने 34 यूनिट रक्तदान किया

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 1 अक्टूबर। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से 'रक्तदान महादान सर्व कल्याण' की भावना जागृत करते हुए संस्थान के शिक्षणेत्तर गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा पूर्वक 34 यूनिट का रक्तदान किया। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला ने 'रक्त की एक बूंद अनमोल' पर प्रकाश डालते हुए अपना संबोधन प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। हमारे समाज के कई लोग आकस्मिक दुर्घटनाओं कैंसर एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित रहते हैं। उन जरूरतमंद मरीजों को उचित समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मृत्यु तक हो जाती है। ऐसे पीड़ित व्यक्तियों की हम सब मिलकर रक्षा कर सकते हैं। इस जन कल्याण कार्य में हमारे देश के प्रत्येक नागरिक को सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के समन्वयक डॉ बीडी के पात्रों द्वारा रक्तदान करते हुए शिविर का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक बाजपेई ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। तत्पश्चात उपरोक्त संगठन की स्वयंसेवक अंजली सिंह, तृप्ति सिंह, गौरव वारष्णे, अविरल पांडे सहित कालेज संस्थान के शिक्षणेत्तर गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर 34 यूनिट का स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# जोनल फेस्ट के दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने जीता गोल्ड और रजत मेडल

**प्रतियोगिता के दौरान छात्र अंकित, शिवम, विकास व हिमांशु ने दिखाया दमखम**



प्रतियोगिता में जीत के बाद गोल्ड और रजत मेडल पहन कर प्रमाणपत्र दिखाते हुये मेधावी।

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 24 नवम्बर। लखनऊ में आयोजित हुई दो दिवसीय जोनल खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के छात्रों ने कई पदक जीतकर अपने कालेज का दबदबा बनाए रखा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र अंकित, शिवम, विकास और हिमांशु ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखलाया और वह अव्वल नंबर पर रहे।

अब्दुल कलाम तकनीकी विद्यालय लखनऊ के अंतर्गत दो दिवसीय जोनल फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कालेजों से आए हुए छात्रों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इसी दौरान राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान एथलेटिक्स में 4ग100 मीटर रिले में अंकित यादव शिवम यादव विकास यादव और हिमांशु कुशवाहा ने स्वर्ण पदक तथा 4ग400 रिले में रजत पदक हासिल किया। मेधावी छात्रों को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज शुक्ला सहित क्रीड़ा प्रभारी सौरभ चौहान तथा डॉ. रवीश सिंह राजपूत, मुकुल सक्सेना, विजय तिवारी आदि ने सफल हुए छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गेट 2022 में दुर्गेश उपाध्याय ने हासिल की 33वीं रैंक

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्रों ने गेट में पायी सफलता
- कॉलेज के निदेशक ने सफल छात्रों को दी बधाई

**तिर्वा(कन्नौज), समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्रों ने गेट 2022 की परीक्षा अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने 81 फीसदी अंक हासिल कर ऑलइण्डिया में 33वीं रैंक हासिल की है।

इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि फरवरी माह में गेट 2022 की परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की गई थी। 22 मार्च को आईआईटी खडगपुर ने इस परीक्षा का परिणाम अपनी अधिकृत वेबसाइट पर घोषित कर दिया। जिसके तहत इंजीनियरिंग कॉलेज के 28 छात्र इस परीक्षा में सफल हुए हैं। जिनमें सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अखिलेश यादव ने 51.03, कम्प्यूटर साइंस के दीपक माथुर ने 199वीं रैंक हासिल की है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दुर्गेश कुमार ने 33वीं रैंक हासिल की है। विशाल कुमार पाण्डेय ने 68वीं रैंक, प्रमोद कुमार गुप्ता ने 83वीं रैंक हासिल की है।

निदेशक ने सफल हुए सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि गेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को आईआईटी जैसे बड़े संस्थानों में एमटेक व पीएचडी में एडमिशन मिलता है। साथ ही 12500 रुपए की धनराशि भी प्रति माह स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान की जाती है। इसके अलावा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी के लिए भी गेट का स्कोर काफी महत्व रखता है।

# कालेज के छात्रों ने किया जागरूक

**लोगों को वोट का महत्व बताया गया**

संवाद न्यूज एजेंसी



मतदाताओं को जागरूक करते इंजीनियरिंग कालेज के छात्र। संवाद

**तिर्वा।** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों ने सोमवार को अभियान चलाया। परसरामऊ गांव के लोगों से वोटर कार्ड बनवाने की अपील की। नुक्कड़ नाटक और रैली निकालकर वोट के महत्व के बारे में बताया। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत गोद लिए परसरामऊ गांव के परिषदीय विद्यालय में पहली बार वोट देने वालों को जागरूक किया। कालेज के निदेशक प्रोफेसर मनोज शुक्ला के निर्देश पर शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक बाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद लोगों को वोट का महत्व बताकर वोटर आईडी कार्ड बनवाना है।

# 10 लाख के वार्षिक पैकेज के साथ अंबर गुप्ता को मिली बाईजूस में नियुक्ति

**मेधावी छात्र अंबर ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की शिक्षा पायी थी**

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 21 सितम्बर। देश की ख्यात प्राप्त कंपनी बाईजूस ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र रहे अंबर गुप्ता को बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। कंपनी द्वारा उनका शुरुआती पैकेज 10 लाख रुपए का रखा गया है।



**बाइजूस में नियुक्त पाने वाले अंबर गुप्ता।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र अंबर गुप्ता ने इसी वर्ष अपनी बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। उपरोक्त कॉलेज में अंबर ने इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययन प्राप्त किया। जिसके बाद उसे देश की ख्याति प्राप्त लर्निंग ऐप द्वारा वार्षिक 10 लाख रुपये का शुरुआती पैकेज प्रदान किया गया है। कंपनी ने उसे बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर नियुक्ति प्रदान की। इस मामले की जानकारी अंबर गुप्ता द्वारा अपने कालेज को दी गई। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने बतलाया कि बाईजूस लर्निंग एप भारत ही नहीं संयुक्त राज्य अमेरिका यूके ऑस्ट्रेलिया चीन मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया से जुड़ा हुआ है। इसमें करीब 2000 शिक्षक छात्रों के साथ प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बतलाया कि सबसे मूल्यवान शैक्षिक प्रौद्योगिक कंपनी के रूप में बाईजूस ने 16.5 बिलियन डॉलर के मुनाफे को संजोया है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से अध्ययन प्राप्त किए अंबर गुप्ता के इस कंपनी से जुड़ने पर अन्य छात्रों को प्रोत्साहन मिलेगा। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अश्विनी उपाध्याय ने प्रोत्साहन वर्धन करते आभार प्रकट किया है।

# देश के विकास के लिए उद्यमिता क्षेत्र का है महत्व

**तिर्वा।** इंजीनियरिंग के फाइनल साल के छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कालेज में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निदेशक डा.मनोज शुक्ला ने की उन्होंने बताया कि इस सत्र में छात्रों के सामने कई चुनौतियां हैं। देश के विकास के लिए उद्यमिता (इन्टरप्रेन्योरशिप) अति आवश्यक है। देश की सबसे बड़ी समस्याओं में एक समस्या बेरोजगारी का निवारण ही उद्यमिता है। (संवाद)



**सेमिनार को संबोधित करते निदेशक।**

# कर्मचारी चयन आयोग की जे.ई. व सी.जी.एल. परीक्षा में सिविल इंजीनियरिंग के 4 छात्र सफ़ल

तिर्वा (कन्नौज) 1 जून। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली जेई एवं सीजीएल परीक्षा में इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के 4 सिविल इंजीनियरिंग छात्रों ने चयनित होकर अपना परचम लहराया है। जिसको लेकर संस्थान परिवार सहित चयनित छात्र छात्राओं के परिवारी जनों में भी हर्षोल्लास का माहौल है।

विगत 26 मई को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी अंतिम चयन सूची में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र आदित्य कुमार मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज (मेस), हर्ष पांडेय और विनोद सिंह बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (ब्रो) में जे.ई. के पद पर चयनित हुए। नितिन गुप्ता ने एस.एस.सी. सी.जी..एल. में ए.आई.आर. 93 हासिल कर असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर के पद पर चयनित हुए। जिसको लेकर माता पिता व सहपाठियों में हर्षोल्लास का माहौल है। चयनित छात्रों ने निरंतर अध्ययन व अनुशासन को ही अपनी स्ट्रेटजी बताया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. रचना अस्थाना, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष अरस्तू गौतम, सहायक प्राध्यापक मुकुल सक्सेना एवं ऋषभ कश्यप आदि ने सफ्ल छात्रों को शुभकामनाए देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित।

(आज समाचार सेवा)

तिर्वा (कन्नौज) 9 दिसम्बर। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा एक दिवसीय एलुमनी कनेक्ट सेल के अंतर्गत वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें एलुमनी कम इंडस्ट्री एकेडमिया इन्ट्रेक्शन के संबंध में वृहद रूप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान कई विद्यालयों के प्रोफेसरों द्वारा अपने अपने विचार प्रकट करते हुए छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में एक दिवसीय ऑन लाइन माध्यम से अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें एलुमनी कनेक्ट सेल के समन्वयक मुकुल सक्सेना द्वारा छात्र छात्राओं को संपूर्ण रूप रेखा की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर संस्थान निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि कई आलम छात्रों के साथ लंबे समय बाद मिलने का अवसर प्रदान करता है। उन्हें एक-दूसरे से एवं उनके पूर्व शिक्षक व अन्य स्टाफसदस्य से भी मिलने का मौका प्रदान करता है। इससे पूर्व छात्रों को कॉलेज के परिसर में हुए परिवर्तनों एवं पाठ्यक्रमों में हुए बदलावों को भी जानने का मौका मिलता है। उन्होंने आगे बताया की पूर्व छात्र वर्तमान छात्रों के लिये प्रेरणादायक सिद्ध होते है। इसके पश्चात प्रथम वक्ता विवेक वर्मा कंस्ट्रक्शन मैनेजर इलेक्ट्रिकल जी ई पावर सिस्टम टांडा ने अपने औद्योगिक अनुभव साझा किए। उन्होंने आगे बताया की किस प्रकार छात्रों का आत्मविश्वास उन्हें अपने करियर में विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छूने में मदद करता है। इसके बाद केतन पटेल निदेशक एजुटेक लर्निंग सॉल्यूशन प्राइवेट लि, वडोदरा, गुजरात ने विचार रखे। छात्र/छात्राओं को अपने स्नातक की पढ़ाई में प्रोजेक्ट बेस्ड वाली परियोजना में आधारित कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। निशान श्रीवास्तव प्रोजेक्ट लीड गूगल यू.एस.ए. ने बच्चों को यह जानकारी दी। कंप्यूटर साइंस के छात्रों को यह भी बताया की किन विषयों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। अंतिम वक्ता प्रदीप कुमार झा जोनल हेड अल्ट्राटेक सीमेंट कानपुर ने रेडी मिक्स कंक्रीट पे अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने रेडी मिक्स कंक्रीट को कैसे तैयार करते है एवं उसकी बैच मिक्सिंग किस प्रकार और किस मशीन के द्वारा की जाती है इसी वीडियो एवं एनीमेशन के द्वारा प्रकाश डाला। कॉलेज के चतुर्थ वर्ष के छात्रों धर्मेन्द्र कुमार सिंह, देवकी, हर्ष व अंचिल एवं तृतीय वर्ष के छात्रों अक्षय पाण्डेय, आनंद सिंह, गौरव, मानसा और आँचल ने भी उक्त के संबंध में अवगत कराया।

# इंजीनियरिंग कालेज व इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे बनाने वाली कंपनी में समझौता

## इंजीनियरिंग छात्रों को कंपनी दिलाएगी प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी



समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर दिखाते निदेशक। संवाद

**तिर्वा।** इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए कालेज और गुजरात की दो दशक पुरानी कंपनी के बीच समझौता हुआ है।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों को पढ़ाने के साथ तकनीकी शिक्षा दिलाने के लिए कालेज प्रशासन व गुजरात की एडुटेक इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के बीच समझौता हुआ है। कालेज के निदेशक डॉ.मनोज शुक्ला ने बताया कि कंपनी से समझौता हो जाने के बाद कालेज के शिक्षकों एवं छात्रों को विभिन्न इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी एवं तकनीक से प्रशिक्षित होने का अवसर मिलेगा। छात्रों को भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस के फील्ड में अच्छे रोजगार मिलेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग छात्रों एवं शिक्षकों के हित में विभिन्न प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस समझौते से एंबेडेड सिस्टम, डीप लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फील्ड में नई तकनीक पर काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

# छात्रा का तीन कंपनियों में चयन

**तिर्वा (कन्नौज)।** इंजीनियरिंग कालेज की छात्रा का एक साथ तीन राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में चयन हुआ है। यह कंपनियां तीन से पांच लाख वार्षिक पैकेज देंगी। निदेशक ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग में चतुर्थ साल की छात्रा आयुषी मिश्रा ने टाटा कंसलटेंसी, एक्सेंचर, कैपजेमिनी में नौकरी के लिए आवेदन किया था। तीनों कंपनी ने आयुषी को चुन लिया। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज लिमिटेड में सहायक सिस्टम इंजीनियर के पद पर तीन लाख छत्तीस हजार के वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। एक्सेंचर में एप्लीकेशन डेवलपमेंट एसोसिएट मैनेजर के पद पर चार लाख पांच हजार के पैकेज पर चयन हुआ। कैपजेमिनी में सहायक सिस्टम इंजीनियर के पद पर तीन लाख के पैकेज पर हुआ है। (संवाद)



आयुषी मिश्रा।

# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छह छात्रों को 10 लाख का पैकेज

**संवाद सहयोगी, तिर्वा:** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के छह छात्रों का चयन अलग-अलग कंपनी में हो गया है। छह से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक पैकेज मिला। इस पर छात्रों को कालेज प्रशासन ने बधाइयां दी और खुशियां मनाई।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में शिक्षण कार्य के अंतिम वर्ष के दौरान अब तक 53 छात्रों के 10-10 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज के साथ नौकरी का आफर मिल चुका है। इनमें से कुछ छात्रों का एक से अधिक कंपनियों में चयन हुआ। इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच से छात्र सूरज कुमार पांडेय, कंप्यूटर एंड इंजीनियरिंग से हिमांशु श्रीवास्तव, मानसी चौरसिया, पीयूष राठौर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच से अमन सिंह को अलग-अलग कंपनी ने चयन किया गया। इन छात्रों को आठ से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष पैकेज दिया जाएगा। विवेक चौहान सिविल इंजीनियरिंग, हिमांशु श्रीवास्तव, अभिनव सिंह, शिवेंद्र शाक्य कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, तरुण इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, अंजली सिंह कंप्यूटर साइंस का छह से सात लाख तक प्रतिवर्ष पैकेज का आफर मिला है। छात्रों ने बताया कि अभी पढ़ाई जारी रहेगी। कालेज के निदेशक प्रो. मनोज शुक्ला ने छात्रों को बधाई दी।

**खुशी**

- कालेज प्रशासन ने छात्रों को सफलता के लिए किया प्रेरित
- छात्र बोले, नौकरी के साथ इंजीनियरिंग की पढ़ाई रहेगी जारी

# इंजीनियरिंग कालेज के दो छात्रों का कंपनी में चयन

**संस, तिर्वा :** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग दो छात्रों का चयन प्राइवेट कंपनी में हो गया है। इस पर छात्रों को कालेज प्रशासन ने बधाई दी और खुशियां जताई। शुक्रवार को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के चतुर्थ वर्ष के छात्र अंकित तिवारी, जय शुक्ला का चयन प्रिज्म सीमेंट लिमिटेड कंपनी में हो गया है। दोनों छात्रों ने इसी वर्ष अंतिम वर्ष की परीक्षाएं दी हैं।

# How to reach RECK




**Address:**
**Rajkiya Engineering College,Kannauj**
**Near Aher, Tirwa Road,Uttar Pradesh, India**
**Pincode: 209732**

**Nearest Airport:**
**Chaudhary Charan Singh International Airport Lucknow.**
From CCS metro station near airport one can go to Alambagh Bus Station; to get buses for Kannauj via Agra-Lucknow Expressway.

***Kannauj Railway Station***
(Saraimeera, Kannauj, Uttar Pradesh 209727) .
College is approximately 20 km from Kannauj Railway station.
Regular taxi service provides convenience to reach college.

***Agra-Lucknow Expressway*** provides easy connectivity from cities like Agra, Lucknow and Delhi.
From Lucknow one can easily get Bus Service from Alambagh Bus Station.
College is conveniently accessible via the Aligarh-Kanpur GT Road, offering a smooth and direct route for students and visitors

# Training and Placement Cell

## Rajkiya Engineering College, Kannauj

Rajkiya Engineering College, Kannauj 209732 (UP)

9151022204

tpo@reck.ac.in, tpc@reck.ac.in
director@reck.ac.in

https://tnp.reck.ac.in/